Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Patel Shri Jivabhai Ambalal

an>

Title : Need to re-open the closed mills of NTC in the Country.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : उपाध्यक्ष जी, देश भर में एन.टी.सी. की आधे से ज्यादा कपड़ा मिलें बंद पड़ी हैं और उनमें लगे मजदूरों को बिना काम के वेतन दिया जा रहा है। अगर इन मिलों का आधुनिकीकरण करके उत्पादन किया जाये तो हम कपड़े का उत्पादन बड़ी मात्रा में कर पाएंगे और बिना काम के वेतन देने में हो रहे अपव्यय को रोका जा सकेगा। इन मिलों में आधुनिकीकरण किये जाने की अपार संभावनाएं हैं और इनकी अतिरिक्त जमीन को बेचकर इनको चलाया जा सकता है। आधुनिकीकरण का एक फायदा यह होगा कि हम अच्छी क्वालिटी के कपड़े का उत्पादन कर सकते हैं जिसे विश्व के अन्य देशों में निर्यात किया जा सकता है और विदेशी मुद्रा कमाई जा सकती है। इस बारे में सदन में कई बार चर्चा उठाई गई और सरकार इस संबंध में गंभीर कदम उठाने का वायदा भी करती रही है, परन्तु वास्तव में कुछ नहीं हो रहा है और बेकार में सरकार का पैसा वेतन के रूप में खर्च किया जा रहा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि एन.टी.सी के प्रबंध को बदलकर एन.टी.सी. की बंद मिलों को तुरंत चालू किया जाये।